# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## फादर्स-डे पर विशेष...



*पिता लोरी नहीं सुनाता। पिता छाती से भी नहीं लगाता। पर हर मुश्किल में संतान के लिए चट्टान सा खड़ा होता है। जीवन के हर पड़ाव में अपनों की खातिर अड़ा रहता है। पिता के लिए मां जैसी कविताएं नहीं लिखी गईं। पिता के लिए किस्से नहीं गढ़े गए। उसके समर्पण, उसकी तपस्या और उसके दर्द में छिपी मुस्कान को पहचान नहीं दी गई। पिता अनकहे संघर्ष जैसा रह गया। वह गलता रहा, दुनिया से लड़ता रहा, परिवार से बाहर आकर तपता रहा। पीता रहा अपमान के घूंट। फादर्स डे की शुभकामनाएं...इस कामना के साथ कि पिता को वह सम्मान मिले, जिसका वो हकदार है*



# पैर नहीं, हाथों से चल रही जिंदगी, बेटे की खातिर पूरा किया पटना से रायपुर का सफर

*घर के चिराग को हृदय की बीमारी, अपना दुख दर्द भूल गया पिता*

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

मां की ममता सर्वोपरि है, मगर संतान की खातिर पिता के त्याग और बलिदान को कम नहीं आंका जा सकता। इसकी मिसाल रंजीत ने पेश की है, जिसने दिव्यांग होने के बाद भी इकलौते बेटे की जीवन की रक्षा की खातिर पटना से रायपुर का कठिन सफर ट्रेनों में धक्के ▶▶| शेष पेज 4 पर



### पिता होने का फर्ज पूरा कर रहा : रंजीत

रंजीत ने हरिभूमि से कहा कि कोई भी पिता अपने बेटे को किसी तरह की परेशानी में नहीं देख सकता। अंकुश हृदय की बीमारी के रूप में शारीरिक समस्या से जूझ रहा था, जिससे निजात ▶▶| शेष पेज 4 पर

# पिता ने कंधे पर बिठाकर स्कूल पहुंचाया और दिव्यांग बेटे पवन को बनाया मास्टर




रविकांत सिंह राजपूत

घर मे पहला बच्चा पैदा होने के 6 माह बाद ही मा सावित्री देवी का पीलिया से निधन हो गया। साल भर बाद भी जब 6 माह का पवन 1 साल से ज्यादा का हो गया तो पता चला कि बेटा पैर से दिव्यांग है। बच्चे की हड्डियां 18 बार टूटी। जैसे-जैसे उम्र बढ़ रही थी बेटे पवन की शारीरिक दिक्कतें भी बढ़ रही थीं। लेकिन पवन के पिता हृदेश प्रसाद दुबे का हौसला नहीं टूटा। पत्नी के निधन के बाद हृदेश ने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पिता ने कहा-मैंने फर्ज निभाया अब बेटा निभा रहा है

पवन के बचपन की फ़ोटो दिखाते हुए पवन के पिता जी हृदेश दुबे की आंखे भर आईं। रुंधे गले से उन्होंने बताया कि जब 6 माह का था तो पत्नी का निधन हो गया मैंने ही पिता के साथ साथ मां की जिम्मेदारी निभाई। ▶▶| शेष पेज 4 पर






## T20 world cup स्कोर बोर्ड

| युगांडा | | न्यूजीलैंड |
| --- | --- | --- |
| 40/10 | VS | 41/1 |

9 विकेट से जीता न्यूजीलैंड

**3 विकेट : टिम साउथी**
प्लेयर ऑफ द मैच

| दअफ्रीका | | नेपाल |
| --- | --- | --- |
| 115/7 | VS | 114/7 |

1 रन से जीता द. अफ्रीका

**4 विकेट : तबरेज शम्सी**
प्लेयर ऑफ द मैच

## दो माह में अबूझमाड़ की चारों दिशाओं में चार बड़ी कार्रवाई

# अबूझमाड़ में मुठभेड़, आठ नक्सली मार गिराए, एसटीएफ जवान शहीद

**नारायणपुर में लगातार चौथे बड़े एनकाउंटर में 8 वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए हैं। पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में एसटीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ है। शहीद जवान नीतेश एक्का जशपुर के चिरईताड़ गांव के रहने वाले थे। दो घायल जवानों कैलाश नेताम और लेखराम नेताम को बेहतर उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर किया गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

रायपुर स्थित मेकाहारा में पोस्टमार्टम करने के बाद माना में शहीद जवान को अंतिम सलामी दी जाएगी। वहीं, मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं, जिन्हें मुठभेड़ स्थल के पास से रेस्क्यू कर हेलीकॉप्टर की मदद से रायपुर रेफर किया गया है। नक्सलियों के आधार इलाके में लगातार पुलिस के द्वारा नक्सल ऑपरेशन किया जा रहा है। जिससे अबूझमाड़ का यह इलाका नक्सलियों के कब्जे से मुक्त हो रहा है। 2 माह के अंतराल में नारायणपुर के ▶▶| शेष पेज 4 पर



**शहीद**
एसटीएफ जवान नितिश एक्का (27), जशपुर

### ये जवान हुए घायल

- एसटीएफ जवान लेखराम नेताम (28), धमतरी
- कैलाश नेताम (33), कोंडागांव

### नक्सली लीडर बदल रहे अपना ठिकाना



### 5 माह में 131 नक्सली ढेर

बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है। मुठभेड़ में लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं। इससे नक्सलियों में भय का माहौल बन गया है। इसकी वजह से हथियार छोड़ सरेंडर करने वालों की संख्या भी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। पिछले पांच महीने में नक्सल मोर्चे ▶▶| शेष पेज 4 पर

### माड़ डिविजन के साथ हुई मुठभेड़

प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के माड़ डिविजन तथा पीएलजीए कंपनी नं. 01 के माओवादी कैडर के साथ पिछले दो दिनों से कई बार मुठभेड़ हो रही है। नारायणपुर के थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत अबूझमाड़ के ग्राम कुतुल, फरसबेड़ा एवं कोड़तामेटा के जंगल में करीब 2000 जवानों के साथ ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जहां सरकारी मुलाजिम जाने से डरते हैं, वहां खोल दिया कैंप

नक्सलियों की अघोषित राजधानी के रूप में मशहूर कुतुल एरिया को नक्सलियों के आधार इलाके से मुक्त करने के लिए फोर्स के द्वारा एक माह पहले 14 मई को यहां पर मोहंदी में कैंप स्थापित किया गया है। यह वह इलाका है, जहां आजादी के 75 साल बाद भी विकास की झलक नहीं दिखती है। सरकारी मुलाजिम यहां जाने से डरते हैं। सरकार की पहुंच इन इलाकों में नहीं के बराबर है। पुलिस एवं आईटीबीपी 53 वीं वाहिनी के ▶▶| शेष पेज 4 पर

*जब बच्चे के जीवन पर बात आती है तो माँ-बाप अपना सर्वस्व न्योछावर करने से भी नहीं चूकते। अपने कलेजे के टुकड़े को बचाने के लिए एक पिता न सिर्फ अपनी किडनी दे देता है बल्कि अपने जीवन के सामान्य दिनचर्या से भी समझौता कर लेता है।*

# अपनी किडनी देकर बचाई बेटे की जान



राजेश रंजन सिन्हा ▶▶| रायगढ़

हम बात कर रहे हैं रायगढ़ शहर के समाजसेवी शरद मिश्र की, जो कि रिटायर्ड खण्ड शिक्षा अधिकारी रहे हैं। उनका पुत्र अमिताभ मिश्रा जो कि पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर है। 2015 में ट्रैक्टर से सड़क दुर्घटना में वह घायल हो गया। काफी लंबा इलाज चला। इलाज के दरम्यान दवाओं के साइड इफेक्ट से उसकी दोनों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### पुत्र की जिंदगी संवर जाए

शरद मिश्र कहते हैं कि 23 -24 साल के बेटे को अभी बहुत कुछ करना है। उसे दुनिया देखना है। बस ईश्वर से यही प्रार्थना थी कि पुत्र की जिंदगी संवर जाए। इसलिए किडनी दिया। पुत्र आज उस किडनी के सहारे स्वस्थ है। आज मेरा बेटा अपनी पत्नी और एक वर्ष के पुत्र के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है यही मेरे जीवन का सबसे बड़ा सुख है।







हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



एक लाख का हल्ला

# शादी के लिए दुर्ग में दिव्यांगों की भीड़

# 30 से ज्यादा जोड़े पहले से शादीशुदा

अतुल अग्रवाल/आनंद ओझा ⏭ भिलाई

अलग खबर

दुर्ग में एक सामूहिक विवाह का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। विवाह दिव्यांगों का होना है। आयोजक है आस्था बहुद्देशीय कल्याण संस्थान, छत्तीसगढ़। वैसे यह संस्था पहले भी सैकड़ों युवक-युवतियों का विवाह करा चुकी है। लेकिन इस बार हल्ला मचा कि संस्था हर जोड़े को एक लाख रुपए देगी। साथ में दहेज भी दिया जाएगा। बस...उसके बाद सरगुजा, अंबिकापुर, सूरजपुर, बिलासपुर बस्तर से बसों और ट्रेनों में भर-भरकर जोड़े दुर्ग पहुंच गए। पंजीयन केवल 301 का था, पहुंच ⏭ शेष पेज 4 पर

- सरगुजा, अंबिकापुर, सूरजपुर, बिलासपुर बस्तर से पहुंचे दिव्यांग, पंजीयन 301 का 350 से ज्यादा पहुंचे
- विवाह कराने वाली संस्था आस्था ने कहा, हमने एक लाख का वायदा नहीं किया, निर्धन विवाह कराएंगे

### संस्था ने 29 का पंजीयन किया रद्द



### जिम्मेदारों का कहना हमने ऐसी कोई बात नहीं कही

सीधी बात, प्रकाश गेडाम, अध्यक्ष आस्था बहुद्देशीय कल्याण संस्थान छग

⏭ *क्या सामूहिक विवाह के बाद जोड़ों को एक लाख रुपए दिए जाएंगे?*

⏭ यह गलत है, हमारी संस्था ऐसा कोई वायदा नहीं कर रही है।

⏭ *सामूहिक विवाह में बड़ी संख्या में दंपती दोबारा शादी करने पहुंचे हैं, क्या यह सही है?*

⏭ हमने सभी का पंजीयन कराया है, शपथपत्र भी लिया है, यदि वे गलत जानकारी दे रहे हैं, तो उनकी गलती।

⏭ *संस्था उन्हें लाने-लेजाने और ठहरने का खर्च भी दे रही है क्या?*

⏭ नहीं लोग अपनी मर्जी से ट्रेन से आए हैं, हमने स्टेशन से लाने के इंतजाम किए, खाने-पीने और ठहरने की भी व्यवस्था की है।

⏭ *कितने जोड़ों की शादी कराई जा रही है, दंपती तो ज्यादा नजर आ रहे हैं?*

⏭ हमने सिर्फ 301 जोड़ों का पंजीयन किया है, कुछ निर्धन भी पहुंचे हैं, जिनकी शादी हम कराने जा रहे हैं।

### एक लाख की हकीकत यह है

समाज कल्याण विभाग द्वारा शासन की योजना के तहत दिव्यांगजनों को नियम और शर्तों के तहत शादी किए जाने पर यह राशि उपलब्ध कराई जाती है। उसमें भी यदि दंपती में एक दिव्यांग है, तो सिर्फ 50 हजार और दोनों दिव्यांग हो, तो 1 लाख रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी की जाती है। हरिभूमि से चर्चा में विभाग के ⏭ शेष पेज 4 पर

*समाज कल्याण ने कहा, हमें नहीं पता, लॉ एंड आर्डर के हालात न बने इसलिए टीम को जांच के लिए भेजा है*

### योजना में पात्र को ही मिलेगी राशि

संस्था को लेकर हमारा कोई लेना-देना नहीं है। शादी के 6 महीने के अंदर यदि दिव्यांग दंपती आवेदन करते हैं, तो पात्रता के आधार पर उन्हें योजना का लाभ दिया जाता है। वह भी हम अपने दुर्ग जिले के ही दिव्यांगजनों को योजना का लाभ देंगे। अब इतने सारे दिव्यांग हमारे यहां आ रहे हैं, तो लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए मौके पर टीम गई थी।

- **प्रकाश परिहार**, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग

एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत

## केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार आए तोखन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ लौटे बिलासपुर के सांसद तोखन साहू का विमानतल पर भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसी के साथ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भी उनका स्वागत और सम्मान किया गया। विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस शासनकाल में भी केंद्र सरकार से मदद मिलती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ का विकास नहीं किया। अब डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा।

श्री साहू ने कहा, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। प्रदेश की जनता ने इसके पहले विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को एक बार फिर से सत्ता ⏭ शेष पेज 4 पर

### विमानतल और ठाकरे परिसर में स्वागत

श्री साहू का रायपुर पहुंचने पर विमानतल पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विमानतल पर डिप्टी सीएम अरुण साव के अलावा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक मोतीलाल साहू, बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। एयरपोर्ट से लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के बीच रास्ते में भी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने श्री साहू का स्वागत किया। ठाकरे परिसर में उनका स्वागत और सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम अरुण साव, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, महामंत्री रामू रोहरा, लक्ष्मी वर्मा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीएम साय ने की गृह विभाग की समीक्षा, नशाखोरी, जुआ-सट्टा पर लगाएं रोक

# पुलिस की धमक दिखनी चाहिए, किसी भी कीमत पर न बिगड़े कानून व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा, प्रदेश में किसी भी कीमत पर कानून और व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। यदि ऐसा होता है, तो जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, आम जनता के बीच पुलिस की सख्त और संवेदनशील छवि दिखनी चाहिए। जनता का विश्वास पुलिस पर रहे, इसके लिए एक मेकैनिज्म बनाने की आवश्यकता है। जनता का जितना पुलिस पर विश्वास रहेगा, उतना ही अच्छा होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित गृह एवं जेल विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, नए कानून जो जुलाई में लागू हो रहे हैं, इसके लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं। प्रदेश में नशाखोरी, जुआ और सट्टा पर सख्ती से रोक लगाई ⏭ शेष पेज 4 पर

### चिटफंड कंपनियों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई कंपनियों से रिकवरी कर निवेशकों को दिलाएं



### नक्सलवाद को खत्म करना हमारा लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस प्रशासन की धमक हर क्षेत्र में दिखनी चाहिए। माओवाद का अंतिम रूप से खात्मा करना हमारा लक्ष्य है। माओवादी आतंक के खिलाफ हमारा अभियान लगातार जारी रहेगा। अभियान में पुलिस को अच्छी सफलता मिल रही है। इसके लिए पुलिस बधाई की पात्र है। मुख्यमंत्री ने कहा, नियद नेल्लानार ⏭ शेष पेज 4 पर

### दौरा कर कार्यों की समीक्षा करेंगे वरिष्ठ अधिकारी : शर्मा

उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने समीक्षा बैठक में कहा, लॉ एन्ड ऑर्डर की स्थिति से निपटने के लिए एसओपी बनाने की आवश्यकता है, ताकि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल ⏭ शेष पेज 4 पर

### एन्टी ह्यूमेन ट्रेफिकिंग ब्यूरो की स्थापना होगी: जुनेजा

पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने बैठक में बताया कि प्रदेश में अपराधों में निरंतर कमी आ रही है। प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए चार महिला थाने एवं महिला विरुद्ध अपराध अनुसंधान की 6 इकाई ⏭ शेष पेज 4 पर

### चार नए साइबर थाने खोले जाएंगे

प्रदेश के चार जिलों रायगढ़, कोरबा, राजनांदगांव एवं कबीरधाम में चार नवीन साइबर पुलिस थाने खोले जाएंगे। साइबर अपराधों में कार्रवाई करते हुए 22.12 करोड़ रुपए की राशि ठगों के पास ⏭ शेष पेज 4 पर

### जल जीवन मिशन के कार्यों में लाएं तेजी, हर घर में पहुंचे शुद्ध पेयजल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पीएचई विभाग की बैठक में बरसात के दिनों में प्रदेश में स्वच्छ पेयजल के लिए पुख्ता व्यवस्था के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 39.14 लाख घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। अब तक इसके तहत 78 प्रतिशत कार्य पूरे हो गए हैं। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाते हुए राज्य के हर घर में पाइपलाइन के जरिए शुद्ध पेयजल पहुंचाने का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत राज्य के 3356 गांवों में शत-प्रतिशत, 5093 गांवों में 90 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तथा 3153 गांवों में 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत घरों में नल का पानी पहुंच रहा है। उन्होंने पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए पीएचई विभाग के टोल-फ्री नम्बर 1800-233-0008 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मुख्य सचिव अमिताभ जैन तथा जल जीवन मिशन और विभागीय अधिकारियों के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की।

होगी जांच

## कोमल साहू की मृत्यु की जांच करेगी एसआईटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोमल साहू की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष जांच के लिए उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया है। श्री शर्मा ने ग्राम-बिरकोना, थाना-पिपरिया, जिला-कबीरधाम निवासी मृतक कोमल साहू की संदेहास्पद मृत्यु की निष्पक्ष उच्च-स्तरीय जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव को दिए थे। गृहमंत्री ने प्रकरण की विशिष्टता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत अनुसंधान के लिए पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय विशिष्ट जांच दल तत्काल गठित करने निर्देशित किया था। जांच समिति को त्वरित जांच करने निर्देशित किया गया है। एसआईटी में रामकृष्ण साहू, पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा, नेहा पाण्डेय, अति. पुलिस अधीक्षक, खैरागढ़, मोहन पटेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, प्रभारी सीन ऑफ काइम यूनिट, दुर्ग, तनुप्रिया ठाकुर, उपुअ (अजाक), राजनांदगांव, विजय मिश्रा, निरीक्षक राजनांदगांव और मयंक मिश्रा, उप निरीक्षक बेमेतरा शामिल हैं।

- गृहमंत्री ने छह सदस्यीय जांच दल के गठन करने के दिए थे निर्देश




रुद्रप्रयाग में बड़ा हादसा

## नदी में गिरा टेम्पो-ट्रैवलर 14 श्रद्धालुओं की गई जान

एजेंसी ⏭ रूद्रप्रयाग

उत्तराखंड में बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैतोली गांव के समीप शनिवार को एक टेम्पो-ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से उसमें सवार 14 श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। एसडीआरएफ के अनुसार, हादसे के दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से 500 मीटर नीचे अलकनंदा नदी के किनारे तक जा गिरा। दुर्घटना में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।



### पीएम मोदी- शाह ने संवेदना व्यक्त की

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गयी पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे को 'हृदयविदारक' करार दिया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

चुनाव नतीजों का होगा विश्लेषण

## भाजपा और संघ समन्वय बैठक में अब करेंगे मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच यूं तो कुछ मुद्दों पर मतभिन्नता बनी रहती है, पर लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद सामने आयी बयानबाजी अचंभित करने वाली थी। इसे दोनों खेमों के बीच समन्वय के अभाव के तौर पर देखा गया। अब आपसी तालमेल बढ़ाने की जरूरत शीर्ष स्तर पर महसूस की जा रही है। इसी के परिणामस्वरूप आगामी 31 अगस्त से 2 सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में होने जा रही राष्ट्रीय समन्वय बैठक में तमाम मसलों पर भाजपा और संघ के शीर्ष पदाधिकारियों के बीच बातचीत होगी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष भी पहुंचेंगे। संघ परिवार से जुड़े सभी संगठनों के महत्वपूर्ण पदाधिकारी भी आपसी तालमेल पर चर्चा करेंगे।

माना जा रहा है कि समन्वय बैठक में हालिया लोकसभा चुनाव में भाजपा के ⏭ शेष पेज 4 पर

- आगामी 31 अगस्त से 2 सितंबर तक केरल के पलक्कड़ में होगी राष्ट्रीय समन्वय बैठक



